The question was put and the motion was adopted.

SHRI SURESH PACHOURI: Sir, I introduce the Bill.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): The Indian Penal Code (Amendment) Bill, 1993, Shri Vishwasrao Ramrao Patil not here.

Now we will take up the Bill for discussion that has been brought by Shri John F. Fernandes.

The Constitution (Amendment) Bill, 1990 (To Amend Article 51A)—

SHRI S. K. T. RAMACHANDRAN (Tamil Nadu): Sir, I am very greatful to you for according me an occasion to start the discussion on this Bill brought by Shri Fernandes. The time has come to consider whether an over all change is necessary in regard to our Constitution. Our Constitution is a written one. Hence it is a rigid one. Our founding fathers who had framed it were very great. We have to salute them for the greatest wisdom accorded to us. But anyhow, the human capability is always limited. So there might have been, here and there, some defects. At this time when the country is passing through a sad and bad crisis, it is for us this august body, to consider this aspect, whether an overall change or a consideration for a change is necessary or not. I would like to recommend that a body like the Constituent Assembly may be formed to consider this aspect. Mr. Fernandes has given a thought to that and brought this important Bill. Nowadays we are talking too much of our rights. We are fighting for our rights and we are safely forgetting our obligations and duties. when we talk about somebody's rights, he becomes happy but when we talk about his duties and point out that he has to discharge his duties, he becomes uphappy because he feels that duties are some sort of a burden on him. So we vociferously shout for our rights but whenever the question of duties comes, we become silent. That has to be changed. Every individual citizen of this country is vested with sovereign power. Each one of us living in this country is the king of this country. So the king has to discharge his duties. The king has to transfer his power to the Ministers. So when he transfers his powers, he should exercise his right by discharging his duty. What is his duty? How can he discharge his duty? He is transferring his power, sovereign power, to the Executive only through exercising the franchise vested with him. Sir, vote is a very sacred one, it is a very powerful one. But nobody knows the power, nobody knows the sanctity attributed to that franchise. So there is corruption. This corruption is rampant because people want to exploit the ignorant and innocent citizens.

In order to remove all the ills or most of the ills relating to the presentday electioneering, the best course is to make the exercise of franchise a compulsory one. Everybody, every individual citizen. should discharge his duty at the time of elections. So, I welcome this Bill and I support this Bill and I want the Government to take into consideration this and see that this Bill is passed.

Sir, in this connection, I want to bring to the notice of this august House some other perennial evils relating to electioneering. For instance, we all know, we are all aware of, the fact that there is a ceiling on election expenses of each and every candidate. When we submit the accounts it is accompanied by a certificate. Those contesting in the elections given a certificate. What is that certificate? Whatever is given by him in the accounts-sheet is quite correct and he certifies that it is absolutely correct. I don't want to say that all of us are issuing false certificates. But we know what is going on practically. We know how far this law, this rule, is practicable and how far this ceiling is followed by each and every candidate. I think it is neither an insult to democracy nor an injustice

to democracy if I say most of us violate this provision. When we violate this provision enmasse, why should we have such a ceiling? Why should we have such a provision? Either you scrap such a provision? Either you scrap it or you see to it that everybody abides by it very strictly.

Between these two, why should we vacillate and oscillate? Here is our Law Minister. I want to make this plea to him. Sir, you know the facts. When you know the facts, if you are truthful to the facts, what is the use of this provision? So, if there is a necessity for amending the Constitution for this purpose let us amend the Constitution. I hope the Law Minister will take this into consideration and bring this to the notice of the Cabinet and bring a legislation for wiping off this from the constitutional provisions of the egal provisions.

Sir, again when complusion is not there, what happens? In order to woo the voters, in order to bring the voters to the booth, the canidate has to spend enormously. A vast, a huge, amount is spent only for this. So, a major part of his expenditure could be slashed if this provision is made.

Sir, here are some other evil also. They should also be taken into account and we should eliminate all of them. When we impose his provision, there may be some troubles. One may raise this question: If one is invalid, if one is indisposed, if one is not present at the place of voting, what can we do? How can we compel him to exercise his franchise? It is a very good question. Every rule is having an exception. There is no law where there is no exception. No law is proper unless it is followed by some exception. Though there is a strict law, we, Members of Parliament, enjoy some privileges. Similarly, there should be some exception to this provision.

If a person cannot come to the booth, or cannot be brought to the booth, he may be exempted. If a person is staying far away from the place of voting and is not able to come or reach that place at the time of voting, he may be exempted. The legal department of the Government may give serious thought to this exemption and may insert some provision. Once again I wish to reiterate that this amendment is very essential and important and it will create a landmark in the history of Indian democracy. Our democracy is stil in its infancy. It has not yet attained maturity. So, it is no sign and there is nothing wrong if we make an amendment on such an impor[illegible] vital [illegible] think, the whole [illegible] are my opinion and wil support the Bill of Shri John F. Fernandes whose name will be long remembered in the history of Indian democracy.

श्री संघ प्रिय गौतम (उत्तर प्रदेश) : माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय श्री जान एफ० फर्नांडिस द्वारा प्रस्तुत विधेयक का समर्थन करने के लिये मैं खड़ा हुआ हूं । उपसभाध्यक्ष जी, व्यक्ति के सही जीवन के संचालन के लिये दो पहिये होते हैं, व्यक्ति के अधिकार और व्यक्ति के कर्त्तव्य । यदि प्रत्येक व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह को अधिकार प्राप्त हो जाय और व्यक्ति अपने मानवीय दायित्व का सही निर्वाह करे तो व्यक्ति और व्यक्तियों के समूह के जीवन में सुख-शांति और समृद्धि आये बिना नहीं रह सकती । और व्यक्ति और व्यक्तियों के समूह से बनता है राष्ट्र । हमने पिछले सैकड़ों वर्षों में यह पढ़ा, देखा, अनुभव किया कि व्यक्ति या व्यक्तियों के समूहों ने अपने व्यक्तिगत अधिकारों की लड़ाई लड़ी, संघर्ष किया, आंदोलन किये प्रदर्शन किये, लेकिन कर्त्तव्यों के निर्वाह के लिये उन्होंने हमेशा उदासीनता बरती और यही कारण है कि यह सोने की...माननीय उपसभाध्यक्ष जी, सदन में शोर बहुत हो रहा है । मैं आपसे निवेदन करूंगा कि आप शांति के लिये निर्देशित करें ।

Sir, I request you to kindly direct the House to maintain peace in the House.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): Mr. Gautam, please continue.

श्री संघ प्रिय गौतम : तो उपसभाध्यक्ष महोदय, मुझे घमंड है कि मेरा भारत देश सांस्कृतिक दृष्टि से, भौगोलिक दृष्टि से, इतिहास की दृष्टि से, भूगर्भ शास्त्र और खनिजों की दृष्टि से, मौसम और जलवायु की दृष्टि से, आबादी और क्षेत्रफल की दृष्टि से दुनिया का प्राचीनतम और अग्रणीय देश रहा है लेकिन इस देश के समाज ने और इस देश के समाज के रहबरों ने अपने व्यक्तिगत अधिकारों की लड़ाई तो लड़ी लेकिन कर्तव्यों का निर्वाह नहीं किया । कर्तव्यों के निर्वाह के अभाव से यह सोने की चिड़िया कहा जाने वाला देश निर्धन हो गया, यह पिछड़ा हो गया, इस देश की सीमायें संकुचित हो गयीं, यह देश चंद हमलावरों के सामने झुक गया, लुट गया, पिट गया, कट गया, बरबाद हो गया और आज भी इस देश की सीमायें खतरें में हैं । आज इस देश के नागरिक, बहुसंख्यक नागरिक व्यक्तिगत अधिकारों की बात रोजाना की जिंदगी में करते हैं... लेकिन बहुत कम नागरिक ऐसे हैं जो अपने कर्तव्यों का निर्वाह करते हैं । आज भी इस देश में रोजी-रोटी, कपड़ा, मकान, शिक्षा, दवा, सुरक्षा, न्याय, सम्मान और बराबरी के लिए बहुत संख्या में लोग तरस रहे हैं । लेकिन इस देश के चंद लोग इन बातों का अपने हाथों में संकुचन कर के उन लोगों की तरफ मानवीय निगाह उठा कर के नहीं देख रहे हैं और अपने कर्त्तव्य का पालन नहीं कर रहे हैं । मैं कोई लम्बा-चौड़ा भाषण नहीं करना चाहूंगा लेकिन यह कहना चाहूंगा कि हमने अपने संविधान को स्वीकार किया है और हमने एक दृढ़ संकल्प किया, संविधान की मूल प्रस्तावना में हमने दृढ़ संकल्प किया । वह संकल्प यह है कि हम भारत के लोग समाजवादी, पंथ-निरपेक्ष, लोक-तन्त्रात्मक, गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त व्यक्तियों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय दिलाने के लिए, विचारों की अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और सम्मान की समता प्राप्त करने के लिए इस संविधान को स्वीकार कर रहे हैं कौन ? हम भारत के संभी लोग । यह हमारा दायित्व है । यह हमारा कर्तव्य है कि हमारे विशाल देश के प्रत्येक नागरिक को न्याय मिले । हमारे देश के प्रत्येक व्यक्ति को स्वतंत्रता मिले । हमारे देश का प्रत्येक व्यक्ति समान रहे, कोई असमान न रहे । यह हमारा दायित्व है । लेकिन क्या यह दायित्व केवल कहने से ही प्राप्त हो जाएगा । इस दायित्व का निर्वाह, जो हम लोगों ने दृढ़ संकल्प किया है इसकी अभिव्यक्ति कैसे परिलक्षित होती है हमारे देश के नागरिकों की भावना परिलक्षित होती है लोकतंत्र में चुनी हुई संस्थाओं द्वारा चाहे वह स्थानीय निकाय हो, राज्य विधान मण्डल हो या भारत की संसद् हो । विचारों की अभिव्यक्ति चुने हुए प्रतिनिधियों द्वारा होती है और चुनी हुई संस्थाओं के द्वारा होती है । यदि कुछ संस्थाएं इस देश में ऐसी हैं जो भारत के संविधान की मूल प्रस्तावना में सन्निहित उद्देश्यों की प्राप्ति करना चाहती हैं तो क्या यह इस देश के नागरिकों का कर्तव्य नहीं है कि वे उनको सत्ता में लाएं, उनको चुनाव में जिता कर के सत्ता हासिल करवाएं ? जब यह प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है तो चुनाव जिताने के लिए मतदान आवश्यक है । वोट देना आवश्यक है । ठीक इसी तरह से हमारे बहुत से भाई रोजाना बात करते हैं सम्प्रदाय, धर्मवाद की और बहुत से लोग इस देश की एकता और अखण्डता को छिन्न-भिन्न करना चाहते हैं । मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि क्या ऐसे लोगों को सत्ता में आने से रोकने के लिए उनके खिलाफ मतदान करना आवश्यक नहीं है ? आवश्यक है । आप ऐसे लोगों को जो देश की एकता, अखण्डता को छिन्न-भिन्न करना चाहते हैं या देश के संविधान की मूल प्रस्तावना में सन्निहित उद्देश्यों की प्राप्ति में बाधा डालना चाहते हैं उनको केवल मतदान द्वारा ही सत्ता में आने से रोक सकते हैं । जो इन उद्देश्यों की प्राप्ति करना चाहते हैं उनको आप केवल मतदान के द्वारा ही सत्ता में ला सकते हैं । इसलिए मतदान आवश्यक है । हमारे यहां जो सारे कर्तव्य भारत के संविधान की धारा 51(क) में बताए गए हैं, मुझे दुख है कि उसमें इसका कोई प्रावधान नहीं है कि यहां के नागरिकों को आवश्यक रूप से मतदान करना चाहिये या करना पड़ेगा । मुझे यह कहने में कोई संकोच नहीं है, और

मैं दुख के साथ यह कहता हूं कि हमारे देश में मतदान गरीब आदमी ज्यादा करता है, देहात में रहने वाले अशिक्षित आदमी का प्रतिशत अधिक होता है लेकिन वह जज्बात में करता है । उस भावना में करता है। लेकिन शहर में रहने वाली जनता, धनी लोग, इस देश के तथाकथित ढोंगी संपन्न लोगों के मतदान का प्रतिशत कम होता है जबकि समाज की दिशा शिक्षित या सम्पन्न लोग ही निर्धारित कर सकते हैं। तो क्यों इनका मतदान कम होता है। फिर चिल्लाते हैं कि देश को दिशा सही नहीं मिली। शासक देश में सही नहीं आये, क्योंकि मतदान करना आवश्यक हो, संविधान में ऐसा प्रावधान नहीं है। उनके ऊपर इस प्रकार का कोई दायित्व नहीं है। अगर मतदान करना आवश्यक कर दिया जाए, दायित्व में इसको प्राथमिकता देकर आवश्यक कर दिया जाए तो फिर इस देश के तथाकथित बुद्धिजीवी, शिक्षित और सम्पन्न व्यक्ति मतदान करना चाहेंगे—मैं समाप्त करने जा रहा हूं—और वे इस देश की दिशा निर्देशन में सही भूमिका निभा सकेंगे।

मैं मान्यवर, एक बात और कहना चाहता हूं। मेरे लायक दोस्त ने इस विधेयक के अपने स्टेटमेंट आफ आब्जेक्ट्स में इस बात को कहा है कि यहां पर बहुत से लोग मतदान करने नहीं जाते लेकिन करने भी नहीं दिया जाता जिसको कहते हैं मसल पावर और मनी पावर, बूथ कैप्चरिंग के द्वारा मतदान रोका जाता है। अगर आवश्यक हो जाएगा मतदान करना तो फिर आदमी अपने दायित्व को इसी तरह से निभाएगा जिस तरह से भारतीय जनता पार्टी को कुचलने के लिए इस कांग्रेस की सरकार ने कल जो ड्रामा किया। चाहे सांसदों को पीटना पड़े, रोकना पड़े, डेमोक्रेसी का गला घोंटना पड़े लेकिन रैली नहीं होगी। तो इसी तरह से दायित्व को निभाने के लिए आदमी फिर हर संभव कदम उठायेगा और वह मतदान करने जाएगा चाहे अपनी सुरक्षा खुद करके या पुलिस से सुरक्षा मांगेगा या सरकार से सुरक्षा की गुहार करेगा और सरकार को भी मजबूर होकर मतदान सुनिश्चित कराने के लिए व्यवस्था करनी होगी। जो माल प्रेक्टिसेज होती है उनको रोकना पड़ेगा।

मान्यवर, अंतिम बात कहना चाहता हूं कि जहां पर इन कर्तव्यों का जिक्र किया गया है संविधान की धारा 51क में, सबसे पहली धारा है कि संविधान का पालन करें। इस धारा की उपधारा में सबसे पहले यह है कि संविधान का पालन करें। यह हमारा पहला कर्तव्य है और संविधान का पालन करने का मतलब पहले तो संविधान की मूल प्रस्तावना में सन्निहित उद्देश्यों की प्राप्ति में सार्थक भूमिका निभाएं और जब सार्थक भूमिका निभानी है तो ऐसे व्यक्ति या व्यक्तियों के समूहों या संस्थानों को स्वशासित निकायों, राज्यों या संसद में बिठाये इसलिए संविधान का पालन करने के लिए और इस उपधारा को सार्थक बनाने के लिए इस उपधारा का होना आवश्यक है कि मतदान आवश्यक हो।

मैं अंतिम बात आपसे कहना चाहता हूं। हमारे यहां पर एक बड़ी गलत प्रेक्टिस हो गयी है। हमारे यहां पर सरकार चाहे किसी दल की हो स्वयं तो वह इस तरह का कोई विधेयक या प्रस्ताव लाती नहीं है शायद अक्ल की कमी है या सलाहकारों ने ऐसी सलाह नहीं दी लेकिन अगर कोई प्राइवेट मेम्बर सही विधेयक ले आये और सही सलाह दे तो इसमें ये अपनी लज्जा समझते हैं। ये समझते हैं कि अगर इसको स्वीकार कर लिया तो हमारी नाक कट जाएगी। देश के भले के लिए किसी भी बात को स्वीकार करने से नाक नहीं कटती है। इसलिए मैं सरकार से आग्रह करूंगा कि वह इसे थोथी प्रतिष्ठा का विषय न बनाये कि यह प्राइवेट मेम्बर बिल है, इसलिए इसे स्वीकार न करें। देश की सही दिशा निर्धारित करने के लिए देश के बनाने में, निर्माण में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए मतदान आवश्यक हो, इसका प्रावधान

संविधान में होना चाहिए और वह इस संशोधन के माध्यम से व्यक्ति के दायित्वों में इस दायित्व को सन्निहित करके ही हो सकता है। इस आग्रह के साथ मैं श्री फर्नान्डीज के इस विधेयक का समर्थन करता हूं। धन्यवाद।

श्री सैयद सिबते रजी (उत्तर प्रदेश) : वाईस चेयरमन साहिब, आज जो मेरे दोस्त ने यहां पर संविधान के संबंध में संशोधन के लिए बिल रखा है, आज से चार-पांच साल पहले अगर देखा जाए, तो शायद इस बिल की बहुत ज्यादा या इस संशोधन की बहुत ज्यादा आवश्यकता महसूस नहीं होती थी। लेकिन आज भारतीय राजनीतिक रंगमंच पर जो हो रहा है, उसको देखते हुए आवश्यकता इस बात की पड़ती है कि संविधान की धारा के अंदर संशोधन किया जाए और वोट देने के अधिकार को कर्तव्य में परिवर्तित किया जाए, बदला जाए। तभी यह संभव हो पायेगा कि वह फासिस्टवादी ताकतें जो भीड़ का सहारा लेकर संविधान को, संसद को और संविधान द्वारा जो मूल अधिकार इस देश के नागरिक को दिये गये हैं, उनको छीन लना चाहता है।

ऐसी ताकतों का मुकाबला जब तक देश के बुद्धिजीवी, पढ़े-लिखे लोग और वह लोग जिनके कंधों के ऊपर देश का नेतृत्व देने और देश की कयादत देने का फर्ज आता है, वही इस बढ़ती हुई अंध-विश्वास और धार्मिक उदंडता की जो प्रक्रिया इस देश में चली है, उसको शायद रोक सके।

पिछले जितने भी चुनाव हैं, यदि उसकी प्रतिशत निकाली जाए और अगर चुनाव में लम्बी-लम्बी जो कतारें रहती हैं, उन पर नजर डाली जाए, तो देखने में यह आया है कि वे लोग जो समाज के बड़े कमजोर वर्ग से आते हैं, लोग जो गरीब हैं, निर्धन हैं, वही ज्यादातर चुनाव की इन बड़ी-बड़ी लम्बी कतारों में खड़े दिखाई देते हैं। लेकिन जो लोकतंत्र की हमारी कुप्रथायें हैं, या लोकतंत्र के जरिए जो इविल्स समाज में आ गये हैं, उन पर कटाक्ष बहुत करते हैं, ड्राइंग रूम्स में बैठ कर उन पर बहस-मुबाहसे बहुत करते हैं, लेकिन यह इतनी जहमत गवारा नहीं करते कि उन बड़ी-बड़ी लम्बी कतारों में जाकर थोड़ा समय दे सकें उस प्रक्रिया के लिए जो देश को गवर्न करने के लिए या देश को चलाने के लिए बनाई गई है।

आज इसको जरूरी बनाना इसलिए भी आवश्यक हो जाता है कि एक वर्ग धर्म के नाम पर, जाति के नाम पर लोगों के बीच एक द्वेष और एक बेजारी पैदा करने की कोशिश कर रहा है। सत्ता का दुरुपयोग भी कहीं-कहीं देखा जाता है और इसी के साथ-साथ शक्ति और ताकत का इस्तेमाल भी चुनाव के दर्म्यान देखने में आता है। ऐसी सूरत में यदि समाज का हर वर्ग जो बालिग है और उसको मत देने का, वोट देने का अधिकार मिलना है, उस अधिकार का वह यकीनी तौर पर इस्तेमाल करे, तो ही शायद हो उसके कि यह चीजें रोकी जा सकें।

कभी-कभी यह देखा जाता है कि बहुत से लोग वोट डालने जाते नहीं और उन वोटों का प्रयोग जो है, वह किसी खास व्यक्ति के हक में करा हुआ दिखा दिया जाता है। यदि इस तरह की चेतना जागेगी कि हर आदमी का यह कर्तव्य है कि वोट डालना उसके लिए जरूरी हैं, तो निश्चित रूप से जो मूल्यांकन है लोकतंत्र में किसी कैंडिकेट के बारे में, किसी नुमाइंदे के बारे में, किसी उम्मीदवार के बारे में, वह ज्यादा सही बन सकेगा।

आज जिन चीजों को खतरा है, उसमें हमारे मौलिक अधिकार हैं, जो हमें संविधान ने दिये हुये हैं, आज हमारी समता को खतरा है, हमारे स्वातंत्र्य अधिकार जो हैं, उनको खतरा है और

शोषण के विरुद्ध जो अधिकार आवाज उठाने के लिए दिये गये हैं, उनको खतरा है।

और जो धर्म की स्वतंत्रता है, जो अपने विश्वास के हिसाब से लोगों को अपनी अभिव्यक्ति करने का और अपनी इबादत करने का या पूजा करने का अधिकार है अपने तरीके से, उन सब चीजों को खतरा खड़ा हो गया है। आज खतरा है हमारी मिली-जुली संस्कृति को, आज खतरा है हमारे इस देश के अंदर अल्पसंख्यकों को जो शिक्षा का, अपनी शिक्षा संस्थाएं चलाने का, उन सब चीजों को खतरा खड़ा हो गया है, ऐसी सूरत में जबकि संविधान को मूल रूप से चुनौती दे दी गई है, उसकी रक्षा के लिए यह आवश्यक हो जाता है कि हम सब एक साथ आएं। बड़े और लोकतंत्र में 5 साल के बाद मौका मिलता है तो ऐसी शक्तियों को धाराशायी करने के लिए, शक्तियों को तोड़ने के लिए हम सब मिल कर आगे आएं तो संभव हो सकता है कि हम इस बढ़ते हुए तूफान को रोक सकें। जैसा मैंने अभी कहा कि आज जो समता के बारे में संविधान ने यह कोशिश की और जो सरकारें आईं उन्होंने हमारे शैड्यूल्ड कास्ट भाइयों को, हमारे उन भाइयों को जो कमजोर वर्ग से ताल्लुक रखते हैं, उन्हें बहुत सारे अधिकार दिए, उन्हें वोट के अधिकार के साथ-साथ बराबरी का अधिकार दिया। उन्हें उन तमाम अधिकारों के साथ-साथ भेद-भाव रहित समाज में रहने का अधिकार दिया। आज परिस्थितियां कुछ ऐसी आ करके खड़ी हो गई हैं कि समता के अधिकार को भी चुनौती दे दी गई है। आज लोग इस संविधान को हटाकर जो हमारी यह संसद् के दो सदन हैं जिन्हें हम राज्य सभा या लोक सभा कहते है, ये हमारे जो दो हाउसेज है उसके बारे में भी बहुत सारे भ्रम पैदा कर दिए गए हैं और कुछ फैसले ऐसी जगह किए गए हैं जिन्हें कहीं हम धर्म संसद् का नाम देते हैं या किसी मजहबी दायरे में बांध कर कुछ फैसले करते हैं। उन फैसलों में हमने कुछ ऐसी संविधान लाने की भी कोशिश की है कि जिसके अंदर जो हमारी पुरानी व्यवस्थाएं हैं, जो हजारों साल पहले की व्यवस्थाएं हैं, जिनको तोड़ कर हमने आजादी हासिल की सब लोगों को मिलाकर ताकत हासिल की, तब कहीं जाकर हम ब्रिटिश साम्राज्यवाद को परास्त कर सके थे। आजादी के बाद हमारे जो कंस्टीटीयूशन फाउंडिंग फादर्स थे जिन्होंने इसको एक मूल रूप दिया और इसको एक लिखित संविधान इसलिए बनाया कि हो सकता है कि इस देश के अंदर जो पुरानी परंपराएं हैं, जो खराब परंपराएं हैं, उन हमारी परंपराओं में बहुत सारी अच्छी परंपराएं भी हैं, लेकिन रंग के आधार पर, नस्ल के आधार पर, जाति के आधार पर, धर्म के आधार पर, मजहब के आधार पर यदि कोई तफरीक हो, यदि कोई भेद-भाव किया जाए तो यह संविधान उसको सुरक्षा करे और इस संविधान के अंदर जो प्रोविजंस दिए हुए हैं, जो आर्टिकल्स दिए हुए हैं उसको देख कर उसके हिसाब से ही कुछ फैसला किया जाए। अब कुछ लोग आज कहते हैं कि हम दोबारा वर्ण व्यवस्था ले आयेंगे। अब यह वर्ण व्यवस्था का मतलब क्या हुआ? यदि वही व्यवस्था जिसमें जो काम करता है वही करेगा, काम के आधार पर हम समाज को बांट देंगे, कुलीन और अच्छे वर्ग में हम लोगों को बांट देंगे, काम के आधार पर हम फिर दोबारा ऐसी व्यवस्था लायेंगे बड़ी मुश्किलों से हमने हिन्दुस्तान के अंदर एक ऐसा समाज बनाया है। इसमें काम के आधार पर कोई तफरीक नहीं है। यदि कोई एक छोटा काम करने वाला है तो उसे भी वोट का बराबर अधिकार दिया गया है। यदि कोई छोटा काम करने वाला है तो उसको यह नहीं है कि जिन्दगी भर उसका परिवार दर परिवार उसी छोटे काम के अंदर लगा रहेगा। वह किसी काम में भी जा सकता है। नए हिन्दुस्तान की तारीख यह बताती है कि आज पढ़ाने के क्षेत्र में आज हमारे शैड्यूल्ड कास्ट के भाई आ गए हैं। यह एक नया अध्याय इस देश के अंदर खुला है। जबकि पढ़ाने के क्षेत्र में एक खास वर्ग ही था। पूजा-पाठ के क्षेत्र में एक खास वर्ग ही था लड़ने के क्षेत्र में एक खास वर्ग ही था, कारोबार के क्षेत्र में एक खास वर्ग ही था

लेकिन नए संविधान ने हमें यह सुरक्षा दी कि कारोबार करने वाले भारतवर्ष के नागरिकों का अधिकार यह है कि उसका बेटा भी फौज में जाकर रणक्षेत्र में लड़ सकता है। धर्म के आधार पर किसी भी भेदभाव का सामना उसे नहीं करना पड़ेगा। इस चीज से हमारे देश के अंदर एक शक्ति मिली। आज इन शक्तियों जो हमारे सब जुटी हैं सरीजतियों की, सरीबिरदरियों की आपस में मिलकर उन चीजों को खतरा खड़ा हुआ है और इन चीजों का मुकाबला करने के लिए मैं समझता हूं कि भारत के हर नागरिक का यह कर्त्तव्य बनता है कि वह आगे बढ़े और अपने दायित्व की सूरत में एक मौलिक उसका जो फर्ज है, कर्तव्य है, उसकी सूरत में वोट डालने आगे बढ़े। तब मैं समझता हूं कि ऐसी अंध-विश्वासी ताकतों को जो लोकतंत्र के बुनियादी ढांचे को बिगाड़ना चाहती हैं, जो ताकत के आधार पर लोकतंत्र को भीड़तंत्र में बदल देना चाहती हैं जो पोलिंग बूथ पर हिंसा करते हैं, जो पैसे का दुरुपयोग कर के सत्ता को हथियाना चाहते हैं, सत्ता के गलियारों में पहुंच जाना चाहते हैं, जो हिंसा का सहारा लेकर लोकतंत्र की मौलिक भावनाओं को तोड़ना चाहते हैं। मैं समझता हूं कि हमारे साथी फर्नांडिस साहब ने जो यह अमेंडमेंट रखा है, यह बहुत ही सामयिक है और सरकार को इस बारे में सोचना चाहिए और ऐसे सुझावों की ओर तवज्जो देनी चाहिए जिससे कि समाज के हर वर्ग का यह फर्ज बने कि वह आगे बढ़े और अपने वोट का इस्तेमाल करे। उपाध्यक्ष महोदय, अफसोस की बात है कि आज वह क्लास जोकि प्रिविलेज्ड क्लास है, वह क्लास जोकि भारत की आजादी के बाद बहुत कुछ हासिल कर चुका है, वह क्लास जोकि बुद्धिजीवि है, वह पूरी तरह से मुल्क को नेतृत्व नहीं दे रहा है हो सकता है कि वह दूसरी तरह से नेतृत्व देता हो, लेकिन लोकतंत्र के अंदर वोट देने का, उसके मताधिकार के प्रयोग का जो अधिकार है उसमें वह उतने उत्साह और जोश-खरोश से भाग नहीं लेता है जिस तरह से कि हमारे दूसरे वर्ग के लोग, हमारे गरीब लोग, हमारे पिछड़े वर्ग के लोग लेते हैं। हम चाहते हैं कि जो प्रिविलेज्ड क्लास है वह भी आगे बढ़े, कंधे-से-कंधा मिलाकर जो हमारी आम जनता है, उसके साथ चले तो मैं समझता हूं कि यह चीज ज्यादा कारगर हो सकती है, यह चीज ज्यादा सफल हो सकती है और लोकतंत्र की शक्ति बढ़ सकती है क्योंकि लोकतंत्र की शक्ति बढ़ने का मतलब है कि समाज के हर वर्ग को फायदा मिले, लाभ मिले। इसलिए मैं समझता हूं कि यह फर्नांडिस साहब ने जो संशोधन रखा है, यह बड़ा सामयिक है और मैं इसका पूर्ण रूप से समर्थन करता हूं।

धन्यवाद, आपने मुझे समय दिया।

"सतभैया के दोहरे, अरुणाचल के तीन,
देखन में छोटन लगे, घाव करें गंभीर।"

شری سید سبط رضی "اتر پردیش":
وائس چیرمین صاحب آج جو میرے دوست نے یہاں پر سمودھان کے سمبندھ میں سنشودھن کے لئے بل رکھا ہے آج سے چار پانچ سال پہلے اگر دیکھا جائے تو شاید اس بل کی بہت زیادہ یا اس سنشودھن کی بہت زیادہ آوشیکتا محسوس نہیں ہوتی تھی لیکن آج بھارتیہ راجنیتک رنگ منچ پر جو ہو رہا ہے اس کو دیکھتے ہوئے آوشیکتا اس بات کی پڑتی ہے کہ سمودھان کی دھارا کے اندر سنشودھن کیا جائے۔ اور ووٹ دینے کے ادھیکار کو کرتویہ میں پریورت کیا جائے۔ بدلا جائے۔ تبھی یہ سمبھو ہو پائے گا کہ وہ فاسسٹ وادی طاقتیں جو بھیڑ کا سہارا لے کر سمودھان کو سنسد کو اور سمودھان دوارا جو مول

آج اس کو ضروری بنانا اس لئے بھی آوشیک ہو جاتا ہے کہ ایک ورگ دھرم کے نام پر جاتی کے نام پر لوگوں کے بیچ ایک دوویش ایک بیزاری پیدا کرنے کی کوشش کر رہا ہے۔ ترنا کا دراپوگ بھی کہیں کہیں دیکھا جاتا ہے اور اس کے ساتھ ساتھ شکتی اور طاقت کا استعمال بھی چناؤ کے درمیان دیکھنے میں آتا ہے۔ ایسی صورت میں یدی سماج کا ہر ورگ جو بالغ ہے اور اس کو مت دینے کا۔ ووٹ دینے کا ادھیکار ہتا ہے۔ اس ادھیکار کا وہ یقینی طور پر استعمال کرے تو ہی شاید ہم سکے کہ یہ چیزیں روکی جا سکیں۔

کبھی کبھی یہ دیکھا جاتا ہے کہ بہت سے لوگ ووٹ ڈالنے جاتے نہیں اور ان ووٹوں کا پریوگ جو ہے وہ کسی خاص ویکتی کے حق میں کرا ہوا دکھا دیا جاتا ہے۔ یدی اس طرح کی چیستا جاگے گی کہ ہر آدمی کا یہ کرتویہ ہے کہ ووٹ ڈالنا اس کے لئے ضروری ہے تو نشچت روپ سے جو مولیانکن ہے لوک تنتر میں کسی کنڈیڈیٹ کے بارے میں کسی نمائندے کے بارے میں کسی امیدوار کے بارے میں وہ زیادہ صحیح بن سکے گا۔

آج جن چیزوں کو خطرہ ہے اس میں ہمارے سماج کا ادھیکار ہیں جو ہمیں سمودھان نے دیئے ہیں۔ آج ہماری سمتا کو خطرہ ہے۔ ہمارے سوا تنو یہ ادھیکار جو ہیں ان کو خطرہ ہے اور شوشن کے ورودھ جو ادھیکار آواز اٹھانے کیلئے دیئے گئے ہیں ادھیکار اس دیش کے ناگرک کو دیئے گئے ہیں اُن کو چھین لینا چاہتا ہے۔

ایسی طاقتوں کا مقابلہ جب تک دیش کے بدھی جیوی۔ پڑھے لکھے لوگ اور وہ جن کے کاندھوں کے اوپر دیش کا نیتر تو دینے اور دیش کی قیادت دینے کا فرض آتا ہے وہی اس بڑھتی ہوئی اندھ وشواس اور دھارمک اونڈتا کی جو پریکریا اس دیش میں چلی ہے اس کو شاید روک سکے۔

پچھلے جتنے بھی چناؤ ہیں۔ یدی اس کی پرتیشت نکالی جائے اور اگر چناؤ میں لمبی لمبی جو قطاریں رہتی ہیں اُن پر نظر ڈالی جائے تو دیکھنے میں یہ آیا ہے کہ وہ لوگ جو سماج کے بڑھے کمزور ورگ سے آتے ہیں۔ وہ لوگ جو غریب ہیں۔ نردھن ہیں۔ وہی زیادہ تر چناؤ کی ان بڑی بڑی لمبی لمبی قطاروں میں کھڑے دکھائی دیتے ہیں۔ لیکن جو لوک تنتر کی ہماری کوپرتھائیں ہیں یا لوک تنتر کے ذریعہ جو الیوس سماج میں آگئے ہیں۔ ان پر کٹاکش بہت کرتے ہیں۔ ڈرائینگ روم میں بیٹھ کر ان پر بحث و مباحثے بہت کرتے ہیں لیکن یہ اتنی زحمت گوارہ نہیں کرتے کہ ان بڑی بڑی لمبی قطاروں میں جا کر تھوڑا سمے دیں سکیں اس پریکریا کے لئے جو دیش کو گورن کرنے کے لئے یا دیش کو چلانے کے لئے بنائی گئی ہے

کوئی پہچان رہی ہے سمرتا کے ادھیکار کو بھی چنوتی دے دی گئی ہے۔ آج لوگ اس سمودھان کو ہٹا کر جو ہماری یہ سنسد کے دو سدن ہیں جنھیں ہم راجیہ سبھا یا لوک سبھا کہتے ہیں۔ یہ ہمارے جو دھاؤ سیز ہیں اس کے بارے میں بھی بہت سارے بھرم پیدا کر دیئے گئے ہیں اور کچھ فیصلے ایسی جگہ کئے گئے ہیں، جنھیں ہم کہیں دھرم سنسد کا نام دیدیتے ہیں یا کسی مذہبی دائرہ میں باندھ کر کچھ فیصلے کرتے ہیں۔ ان فیصلوں میں ہم نے کچھ ایسا سمودھان لانے کی کوشش کی ہے کہ جس کے اندر جو ہماری پرانی ویوستھائیں ہیں جن کو توڑ کر ہم نے آزادی حاصل کی سب لوگوں کو ملا کر طاقت حاصل کی۔ تب کہیں جا کر ہم برٹش سامراجیہ واد کو پراجت کر سکے تھے۔ آزادی کے بعد ہمارے جو کانسٹی ٹیوشن کے فاؤنڈنگ فادرس تھے جنھوں نے اس کو ایک مول روپ دیا۔ اور اس کو ایک لکھت سمودھان اسی لئے بنایا کہ ہو سکتا ہے کہ اس دیش کے اندر جو پرانی پرمپرائیں ہیں۔ جو خراب پرمپرائیں ہیں۔ ان ہماری پرمپراؤں میں بہت ساری اچھی پرمپرائیں بھی ہیں۔ لیکن رنگ کے آدھار پر، نسل کے آدھار پر، دھرم کے آدھار پر۔ مذہب کے آدھار پر یدی کوئی تفریق ہو۔ یدی کوئی بھید بھاؤ ان کو خطرہ ہے اور جو دھرم کی سوتنترتا ہے۔ جو اپنے وشواس کے حساب سے لوگوں کو اپنی اچھیہ کتھا کرنے کا اور اپنی عبادت کرنے کا یا پوجا کرنے کا ادھیکار ہے اپنے طریقہ سے ان سب چیزوں کو خطرہ کھڑا ہو گیا ہے۔ آج خطرہ ہے ہماری ملی جلی سنسکرتی کو آج خطرہ ہے ہمارے اس دیش کے اندر الپ سنکھیکوں کو جو شکشا کا۔ اپنی شکشا سنستھائیں چلانے کا ان سب چیزوں کا خطرہ کھڑا ہو گیا ہے۔ ایسی صورت میں جبکہ سمودھان کو مول روپ سے چنوتی دے دی گئی ہے۔ اس کی رکشا کے لئے یہ آوشیک ہو جاتا ہے کہ ہم سب ایک ساتھ آگے بڑھیں اور جب ایک ستر میں پانچ سال کے بعد موقع ملتا ہے تو ایسی شکتیوں کو دھراشائی کرنے کے لئے ایسی شکتیوں کو توڑنے کے لئے ہم سب مل کر آگے آئیں تو سمجھوتہ ہو سکتا ہے کہ ہم اس بڑھتے ہوئے طوفان کو روک سکیں۔ جیسا کہ میں نے ابھی کہا کہ آج جو سمتا کے بارے میں سمودھان نے یہ کوشش کی اور جو پرکاریں آئیں انہوں نے ہمارے شیڈولڈ کاسٹ بھائیوں کو۔ ہمارے ان بھائیوں کو جو کمزور ورگ سے تعلق رکھتے ہیں انہیں بہت سارے ادھیکار دیئے۔ انہیں ووٹ کے ادھیکار کے ساتھ ساتھ برابری کا ادھیکار دیا۔ انہیں ان تمام ادھیکاروں کے ساتھ ساتھ بھید بھاؤ رہت سماج میں رہنے کا ادھیکار دیا آج پرستھیاں کچھ ایسی آ کر کے

اکشیتر میں ایک خاص ورگ ہی تھا۔ لیکن نئے سمودھان نے ہمیں یہ سرکشا دی کہ کاروبار کرنے والے بھارت ورش کے ناگرکوں کا ادھیکار یہ ہے کہ اس کا بیٹا بھی فوج میں جاکر دن اکشیتر میں لڑ سکتا ہے۔ دھرم کے آدھار پر کسی بھی بھید بھاؤ کا سامنا اسے نہیں کرنا پڑے گا۔ اس چیز سے پورے دیش کے اندر ایک شکتی ملی۔ آج ان شکتیوں جو ہمارے سب جنتی ہیں ساری جاتیوں کی ساری برادریوں کی آپس میں مل کر ان چیزوں کو خطرہ کھڑا ہوا ہے اور ان چیزوں کا مقابلہ کرنے کے لیے میں سمجھتا ہوں کہ بھارت کے ہر ناگرک کا یہ کرتویہ بنتا ہے کہ وہ آگے بڑھے اپنا اپنے داییتو کی صورت میں ایک موقع اس کا تو فرض ہے۔ کرتویہ ہے۔ اس کی صورت میں ووٹ ڈالنے آگے بڑھے۔ تب میں سمجھتا ہوں کہ ایسی اندھ وشواسی طاقتوں کو جو لوک تنتر کے بنیادی ڈھانچہ کو بگاڑنا چاہتی ہیں۔ جو طاقت کے آدھار پر لوک تنتر کو بھیڑ تنتر میں بدل دینا چاہتی ہیں۔ جو پولنگ بوتھ پر ہنسا کرتے ہیں۔ جو پیسے کا دروپیوگ کرکے ستا کو ہتھیانا چاہتے ہیں ستا کے گلیاروں میں پہنچ جانا چاہتے ہیں۔ جو ہنسا کا سہارا لے کر لوک تنتر کی موثل بھاؤ ناؤں کو توڑنا چاہتے ہیں۔ میں سمجھتا ہوں کہ ہمارے ساتھی فرنانڈیس صاحب نے جو یہ امینڈمنٹ رکھا ہے۔ یہ بہت ہی

کیا جائے تو یہ سمودھان اس کی سرکشا کرے۔ اور اس سمودھان کے اندر جو پروویژنس دیئے ہوئے ہیں جو آرٹیکلس دیئے ہوئے ہیں ان کو دیکھ کر ان کے حساب سے ہی کچھ فیصلہ کیا جائے۔ اب کچھ لوگ آج کہتے ہیں کہ ہم دوبارہ ورن ویوستھا لے آئیں گے۔ اب یہ ورنا ویوستھا کا مطلب کیا ہوا۔ یدی وہی ویوستھا جس میں جو کام کرتا ہے وہی کرے گا۔ کام کے آدھار پر ہم سماج کو بانٹ دیں گے۔ کلین اور اچھے وزن میں ہم لوگوں کو بانٹ دیں گے۔ کام کے آدھار پر ہم پھر دوبارہ ایسی ویوستھا لائیں گے بڑی مشکلوں سے ہم نے ہندوستان کے اندر ایک ایسا سماج بنایا ہے۔ اس میں کام کے آدھار پر کوئی تفریق نہیں ہے۔ یدی کوئی ایک چھوٹا کام کرنے والا ہے تو اسے بھی ووٹ کا برابر کا ادھیکار دیا گیا ہے۔ یدی کوئی چھوٹا کام کرنے والا ہے تو اس کو یہ نہیں ہے کہ زندگی بھر اس کا پریوار در پریوار اسی چھوٹے کام کے اندر لگا رہے گا۔ وہ کسی کام میں بھی جا سکتا ہے۔ نئے ہندوستان کی تاریخ یہ بتاتی ہے کہ آج پڑھانے کے اکشیتر میں آج ہمارے شڈولڈ کاسٹ کے بھائی آگئے ہیں۔ یہ ایک نیا ادھیائے اس دیش کے اندر کھلا ہے۔ جبکہ پڑھانے کے اکشیتر میں ایک خاص ورگ ہی تھا۔ پوجا پاٹ کے اکشیتر میں ایک خاص ورگ ہی تھا۔ لڑنے کے اکشیتر میں ایک خاص ورگ ہی تھا۔ کاروبار کے

ہمارے پچھڑے ورگ کے لوگ لیتے ہیں۔ ہم چاہتے ہیں کہ جو پریویلیجڈ کلاس ہے وہ بھی آگے بڑھے۔ کندھے سے کندھا ملاکر جو ہماری عام جنتا ہے اس کے ساتھ چلے تو میں سمجھتا ہوں کہ یہ چیز زیادہ کارگر ہو سکتی ہے۔ یہ چیز زیادہ سپھل ہو سکتی ہے۔ اور لوک تنتر کی شکتی بڑھ سکتی ہے۔ کیونکہ لوک تنتر کی شکتی بڑھنے کا مطلب ہے کہ سماج کے ہر ورگ کو فائدہ ملے۔ لابھ ملے۔ اس لیے میں سمجھتا ہوں کہ یہ فرنانڈیس صاحب نے جو سنشودھن رکھا ہے یہ بڑا سامیک ہے اور میں اس کا پورن روپ سے سمرتھن کرتا ہوں۔ دھنیہ واد آپ نے مجھے سمے دیا۔

"ختم شد"

سامیک ہے اور سرکار کو اس بارے میں سوچنا چاہیے اور ایسے سجھاؤں کی طرف توجہ دینی چاہیے جس سے کہ سماج کے ہر ورگ کا یہ فرض بنے کہ وہ آگے بڑھے اور اپنے ووٹ کا استعمال کرے۔

اب سبھاادھیکش مہودے افسوس کی بات ہے کہ آج وہ کلاس جو کہ پریویلیج کلاس ہے وہ کلاس جو کہ بھارت کی آزادی کے بعد بہت کچھ حاصل کر چکا ہے۔ وہ کلاس جو بدھی جیوی ہے۔ وہ پوری طرح سے ملک کو نیتر تو نہیں دے رہا ہے ہو سکتا ہے کہ وہ دوسری طرح سے نیتر تو دیتا ہو۔ لیکن لوک تنتر کے اندر ووٹ دینے کا اس کے مت ادھیکار کے پریوگ کا جو ادھیکار ہے اس میں وہ اتنے اتساہ اور جوش و خروش سے بھاگ نہیں لیا ہے۔ جس طرح سے کہ ہمارے دوسرے ورگ کے لوگ۔ ہمارے غریب لوگ سر

श्रीमती कमला सिन्हा (बिहार) : माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, माननीय जॉन फर्नांडिस साहब ने जो संविधान संशोधन विधेयक लाया है, यह बहुत ही सामयिक है । ठीक है, इस विधेयक की मंशा केवल संविधान की धारा-51(ए) में एक नई उपधारा (के) जोड़ने की है जिसके कि तहत इन्होंने कहा है कि

"To vote in the elections to Lok Sabha, State Assemblies and local bodies."

इसमें इनके विधेयक की मंशा है कि जो वोटर्स होंगे उनका यह फंडामेंटल राइट होगा और उनके लिए वोट देने की बाध्यता हो जाएगी । उनको वोट देना पड़ेगा । यह इतना ही है, लेकिन उपाध्यक्ष महोदय, हिंदी में एक कहावत है, शायद फर्नांडिस साहब उसको नहीं जानते होंगे क्योंकि वह गोवा के रहने वाले हैं, वह कहावत यह है कि---

"सतसइया के दोहरे, अरु नाविक के तीर,
देखन में छोटन लगे, घाव करें गंभीर ।"

उपसभाध्यक्ष महोदय, यह बहुत छोटा सा संशोधन है, लेकिन अगर इस संशोधन को सरकार मान लेती है तो इसका बहुत ही दूरगामी प्रभाव होगा क्योंकि इसके साथ ही "पीपुल्स रिप्रेजेंटेशन एक्ट" को भी संशोधित करना पड़ेगा और संशोधित कर के उसमें जोड़ना पड़ेगा कि प्रत्येक व्यक्ति को वोट देने की बाध्यता है । महोदय, हमारा देश एक लोकतांत्रिक देश है । हमने डेमोक्रेसी अर्थात् लोकतंत्र को अपनाया है और हम यह चाहते हैं कि इस देश में प्रत्येक नागरिक इस देश का मालिक हो, इस देश का वह भाग्य-विधाता हो और कागज के एक टुकड़े के जरिए

